सुप्रभात

रविवार 28.04.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 09

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## फतेहपुर में हृदय गति रुकने से पुजारी के पुत्र की मौत



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत फतेहपुर गांव के मिश्रा टोला स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के पुजारी बंशीधर पाठक के छोटे भाई दिवाकर पाठक की मौत शनिवार की सुबह हृदय गति रुक जाने के कारण हो गई। सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। आनन फानन में उन्हें एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी उम्र लगभग 52 वर्ष बताई जाती है। वह गोविंदपुर बाजार के रतनपुर में राशन की दुकान चलाते थे। लोगों का कहना है कि वह मृदु भाषी व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। प्रत्येक वर्ष ठाकुरबाड़ी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी तथा देवोत्थान एकादशी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनका अंतिम संस्कार रतनपुर खुदिया नदी में किया गया। वह अपने पीछे पत्नी तथा दो पुत्री छोड़ गए हैं। एक पुत्री का विवाह कुछ वर्ष पहले हो चुका है।

## बगैर लाइसेंस वाले टोटो चालकों पर हुई कार्रवाई

**गिरिडीह।** शहर में लापरवाही से टोटो चलाने वाले चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने शनिवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर दर्जनों टोटो को जब्त किया है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद महतो ने बिना लाइसेंस और कम उम्र चालकों को पकड़ा और उनके टोटो को जब्त कर लिया। पूरी कार्रवाई में ट्रैफिक पुलिस ने कुल 20 से अधिक टोटो जब्त किया है।

## बगुलाबस्ती में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट, कई घायल



धनबाद। सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत बगुला बस्ती में शनिवार की दोपहर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्ष से दर्जनों लोग घायल हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। जमीन विवाद में दोनों ओर से जमकर लाठी डंडे चले। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## पुटकी में वार्ड सदस्य के घर से 3 लाख नगद उड़ा ले गए चोर

**कतरास।** पुटकी थाना क्षेत्र के इंदिरा आवास कॉलोनी में वार्ड सदस्य राजनंदन उर्फ शेरू रजक के आवास में शुक्रवार की रात चोरी हो गई। चोरों ने अलमीरा का ताला तोड़कर 3 लाख नगद चुरा लिये। गृहस्वामी के अनुसार उन्होंने लाभुकों के बीच वितरण के लिए शुक्रवार को बैंक से 3 लाख रुपये निकाल कर आलमारी में रखे थे। वे लोग बगल कमरे में सो रहे थे। चोरों ने वहां लगे पंखा को हटाकर आलमारी से नगद राशि चुरा ली। गृहस्वामी के अनुसार घर से सिर्फ रुपये की चोरी हुई है।

# 30 को नामांकन दाखिल करेंगे ढुल्लू महतो

**राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा होंगे शामिल**

- कार्यकर्ताओं का अबकी बार 400 पार का संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार ढुल्लू महतो 30 अप्रैल को अपना नामा नामांकन पत्र दाखल करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी भी उपस्थित रहेंगे। उस दिन गोल्फ ग्राउंड में जनसभा भी होगी। उपरोक्त जानकारी सांसद पीएन सिंह ने शनिवार को पार्टी की बैठक में दी। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने की। पार्टी के जिला कार्यालय में हुई इस बैठक को संबिधित करते हुए सांसद पीएन सिंह ने कहा कि 30 अप्रैल को नामांकन और जनसभा दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। दोनों कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाना है।विधायक राज सिंहा ने कहा कि नामांकन और जनसभा में प्रत्येक बूथों से अधिक से अधिक उपस्थित हो। धनबाद विधानसभा से ऐतिहासिक उपस्थित होगी।लोकसभा प्रभारी श्री सुरेश साहू जी ने कहा कि यह चुनाव देश के अर्थतंत्र को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में विकास की किरण जन.जन तक पहुंची है। लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में।पूरी तन्मयता से लगे हैं।। बैठक को महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने महामंत्री नितिन भट्टए जिला उपाध्यक्ष संजय झा ने भी संबोधित किया।

**मौके पर ये लोग थे मौजूद**

इस अवसर पर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता हरि प्रकाश लाटा महावीर पासवान प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल भरत यादव रमेश राही राजकुमार अग्रवाल ज्ञानरंजन सिंहा जिला महामंत्री रवि सिंहा जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र शर्मा मानस प्रसून वीरेंद्र हांसदा उमेश यादव जिला मंत्री सुरेश महतोएसुमन अग्रवालए मिल्टन पार्थ सारथी राजकिशोर जेना रजनीश तिवार एसुशील सिंह योगेंद्र यादव रामदेव महतो प्रितपाल सिंह अजमानी विकास मिश्रा आनंद खंडेलवाल मौसम सिंह निर्मल प्रधान राजकुमार मंडल शिवांश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## जदयू ने चलाया जनसंपर्क अभियान



धनबाद। एनडीए गठबंधन की तरफ से धनबाद संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के समर्थन में जिला जदयू ने शनिवार को कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के तहत जद यू नेताओं ने लोगों से एनडीए के समर्थन में मतदान की अपील की। जनसंपर्क अभियान मुनीडीह, बालूडीह, पुटकी तथा केंदुआ आदि क्षेत्रों में से चलाया गया। अभियान में प्रत्याशी ढुल्लू महतो के साथ धनबाद जिला जदयू के अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, संगठन के नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, युवा प्रकोष्ठ के जिला महासचिव आदित्य पासवान, महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पांडेय तथा दीपेन प्रमाणिक आदि शामिल थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने निरसा में चलाया जनसंपर्क अभियान



**मैथन।** इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने शनिवार को निरसा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने पलारपुर पंचायत की मुखिया अपर्णा देवी, उनके पति झामुमो नेता तपन तिवारी एवं ग्रामीणों से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। क्वारडीह कॉलोनी एवं बेलचढी में भी वह लोगों से मिली और कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने सिर्फ जनता को छलने एवं सब्जबाग दिखाने का काम किया है। प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का झांसा देकर सत्ता में आई भाजपा ने रोजगार के अवसर छीनने का काम किया। सार्वजनिक उद्योग-धंधों का निजीकरण करने पर मोदी सरकार आमादा है। कांग्रेस की सरकार बनी तो किसान, मजदूर, नौजवान सभी का भला होगा। जनसम्पर्क में झामुमो के जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, कांग्रेस नेता डीएन यादव, मंटू दास, बबलू दास आदि शामिल थे।

# धनबाद डीसी ने किया बूथों का निरीक्षण

- एएमएफ की व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज धनबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कियाऔर एएमएफ की व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित एआरओ से प्राप्त की। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र स्थित पांडरपाला के बूथ नंबर 58ए59ए60 एवं 61 टुंडी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 71ए 368 एवं 369 एवं बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 280 एवं 268 का निरीक्षण कर एएमएफ की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिन.जिन बूथ में एएमएफ की व्यवस्था में कमी नजर आई वैसे बूथों के पदाधिकारी को ससमय पीने योग्य पानीए शौचालयए बिजलीए रैंपए शेड आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री मिश्र ने निरीक्षण के दौरान वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करेंए किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैंए इसलिए बिना किसी डरए दबावए प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें। मौके पर डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ताए अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजकए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह संबंधित क्षेत्र के बीडीओए समेत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे।

## गिरिडीह में जीत को झामुमो ने बनाई रणनीति

- इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो ने दिये टिप्स

खबर मन्त्र संवाददाता



**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के साहोबहियार स्थित बीएड कालेज परिसर में शनिवार को झामुमो के कार्यकर्ताओं संग महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में गिरिडीह लोकसभा सीट के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मथुरा प्रसाद महतो भी मौजूद थे। बैठक में गिरिडीह सीट पर जीत को लेकर रणनीति बनाई गई। कार्यकर्ताओं को लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने अपने तानाशाही रवैया दिखाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता तक हर महत्वाकांक्षी योजना को पहुंचा रही है। झारखंड में केन्द्र सरकार की आवास योजना बंद होने के बाद राज्य सरकार ने लोगों को अबुआ आवास देने का काम किया है। मौके पर जिला अध्यक्ष लक्खी सोरेन, सचिव मन्नू आलम, केंद्रीय सदस्य अलाउद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीणा हेंब्रम,मनोज महतो, मदन महतो, प्रखंड अध्यक्ष लालचंद महतो, सचिव नवल किशोर केवट आदि मौजूद थे।

## एनएच किनारे गन्ने का जूस बेच रहे युवक को कार ने मारी टक्कर



खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** तोपचांची थाना के मदैयडीह स्थित एनएच किनारे शनिवार को गन्ने का जूस बेच रहे युवक को तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से जख्मी युवक की शिनाख्त बेलमी निवासी अभिजीत कुमार महतो के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार स्विफ्ट डिजायर कार बिहार के औरंगाबाद से धनबाद के तेतुलमारी जा रही थी। कार के अंदर एक युवती व तीन युवक सवार थे। चश्मदीदों ने बताया कि कार में युवक युवती के साथ अश्लील हरकतें कर रहे थे। ध्यान भटकने के कारण युवक ने एनएच किनारे जूस बेच रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। गाड़ी में नशीले पदार्थ की बोतल और गर्भ निरोधक सामान पाई गई है। जोरदार टक्कर से युवक का ठेला व जूस बनाने की मशीन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही तोपचांची पुलिस पहुंची और जख्मी युवक व नशे में मदहोश युवती को धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया, जबकि कार पर सवार युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूचना पाते ही झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक भी पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य : जिला सत्र न्यायाधीश

- सिविल कोर्ट में लगाया गया शिविर, न्यायिक अधिकारियों और कर्मियों ने किया रक्तदान

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के तत्वावधान में शनिवार को सिविल कोर्ट धनबाद स्थित लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 12 न्यायिक पदाधिकारियों, आठ अभियोजन पदाधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों, सिविल कोर्ट कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, डालसा के पारा लीगल वोलेंटियर ने कुल 26 यूनिट रक्त का दान किया। सबसे पहले धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप मान ने रक्तदान किया। इसके बाद अवर न्यायाधीश निताशा बरला,प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूजा पांडे,अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश,उनकी पत्नी मिनल प्रकाश, उमेश दीक्षित पुलिस जय कुमार रवानी, सौरव सरकार, अभिजीत कुमार साधु, पंकज कुमार श्रीवास्तव, श्रीचंद प्रसाद, संदीप कुमार,अरुण कुमार,रघुनाथ महतो, सुमन पाठक, शैलेन्द्र झा, नीरज गोयल, मुस्कान चोपड़ा,स्वाति कुमारी, हेमराज चौहान, जयदेव बनर्जी, चंदन कुमार, प्रदीप कुमार सिन्हा, शमशेर आलम,अनूप कुमार,अशोक कुमार ने दोपहर बारह बजे तक रक्त दान किया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष राम शर्मा ने कहा कि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है। रक्तदान महान कार्य है। रक्तदान कर आप किसी की जान बचा सकते हैं, सामाजिक कार्यों में इससे श्रेष्ठ कोई दान नहीं होता।

**मौके पर ये लोग थे मौजूद**

मौके पर अवर न्यायालय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश एंजेलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, रजिस्ट्रार अभिनव त्रिपाठी, एसएनएमसीएच के डॉक्टर बी के पांडे, अशोक शर्मा, संजीव कुमार,राजू महतो,शंभू साहनी विष्णुपद कुंभकार, टेक्निशियन, प्रार्थना गुप्ता, प्रियंका कुमारी,प्रेरणा,पैरा लीगल वोलेंटियर राजेश सिंह, समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

**एक नजर में**

## अनुपमा सिंह के पक्ष में प्रचार के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं से की अपील



**गोविंदपुर।** बेरमो विधायक अनूप सिंह ने महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर प्रचार अभियान में जुट जाने की अपील की। शुक्रवार की रात उन्होंने जिप सदस्य नाजिश रहमानी एवं झामुमो के जिला संगठन सचिव एजाज अहमद के आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की जीत तय है और अब सभी कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना होगा। उन्होंने गांव गांव जाकर प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में प्रचार करने का आह्वान किया। श्री अहमद ने कहा कि झामुमो की टीम का पूरा सहयोग रहेगा। इस अवसर पर 20 सूत्री के जिला उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव सिंह, नवीन सिंह, माथुर अंसारी, सत्येंद्र मिश्रा, ईश्वर किस्कू, लेबा मरांडी, अजय मालाकार, प्रेम, अली अख्तर, अयूब अंसारी, इरशाद अंसारी, सलीम अंसारी आदि मौजूद थे।

## कुमारधुबी में दोस्ताना मैच, चिरकुंडा नप की टीम ने मीडिया एलेवन को हराया



**कुमारधुबी।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को ईस्ट कुमारधुबी मैदान में चिरकुंडा नगर परिषद एलेवन एवं मीडिया एलेवन के बीच दोस्ताना मैच खेला गया, जिसमें चिरकुंडा नगर परिषद की टीम मीडिया एलेवन को 7 विकेट से हराकर विजेता बनी। ‌विजेता टीम को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मीडिया एलेवन के खिलाड़ी विश्वजीत पांडे को दिया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मीडिया एलेवन की टीम के विश्वजीत पांडे ने निर्धारित 12 ओवर के तहत 65 एवं धर्मेंद्र शर्मा ने 42 बनाये। 4 विकेट के नुकसान पर कुल 130 रन बनाए। पीछा करते हुए चिरकुंडा नगर परिषद की टीम के अंकित सरकार 37, संदीप पासवान 19, मुकेश निरंजन 27 एवं अभिजीत ने 14 रन बना कर 7 विकेट से मैच जीत लिया।

## लोक अदालत में 856 विवादों का निपटारा

**धनबाद ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर शनिवार को सिविल कोर्ट धनबाद में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस बावत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि एन आई एक्ट के स्पेशल लोक अदालत में कुल 122 वादों का निपटारा हुआ तथा 1 करोड़ 26 लाख 58 हजार 30 रुपया की रिकवरी की गई।

# धनबाद में एयरपोर्ट मुहिम को धीरे से लगा जोर का झटका

- केंद्र के पास धनबाद में एयरपोर्ट का कोई प्रस्ताव नहीं
- राज्य सरकार ने केंद्र को कोई प्रस्ताव भेजा ही नहीं

विशेष संवाददाता

**विजय झा को मिले केंद्र के पत्रोत्तर से हुआ खुलासा**



**धनबाद।** धनबाद में हवाईअड्डे के निर्माण के नाम पर लंबे समय से चल रही राजनीति का नया खुलासा हुआ है। केंद्र सरकार के पास धनबाद में हवाई अड्डा के निर्माण का कोई प्रस्ताव राज्य सरकार की ओर से अब तक भेजा ही नहीं गया है। हर चुनाव में राजनीतिक दल और उसके नेतागण अपनी.अपनी डफली और अपना.अपना राग अलाप कर हवाईअड्डा के निर्माण के नाम को भुनाते रहे हैं। इस संबंध में केंद्र सरकार के नागर विमानन मंत्रालय के अवर सचिव अमित कुमार झा ने बियाडा के पूर्व अध्यक्ष और प्रमुख समाजसेवी विजय कुमार झा को विस्तृत पत्र भेजा है। श्री झा ने धनबाद में नए हवाई अड्डा के निर्माण के लिए 28 दिसंबर 2023 को नगर विमानन मंत्रालयए भारत सरकार को एक पत्र लिखा था जिसका उत्तर 25 अप्रैल 2024 को अमित कुमार झा ने भेजा और उपरोक्त तथ्यों का खुलासा किया है। पत्रोत्तर में कहा गया कि केंद्रीय नगर विमानन मंत्रालय को धनबाद में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिये जीपीएफ नीति के तहत कोई भी प्रस्ताव आज तक मंत्रालय को नहीं दिया गया है। श्री विजय झा ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र से आया यह पत्र सचमुच में चौकाने वाला है।

**केंद्र सरकार ने ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा के लिए दिया है दिशा-निर्देश**

केंद्र से आये पत्र के मुताबिक केंद्रीय सरकार ने ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा जेएफए नीति 2008 तैयार की है जिसमें देश में नए ग्रीन फील्ड हवाई अड्डों की स्थापना के लिये दिशा निदेशए प्रक्रिया और शर्तों का निर्धारण किया गया है। जीएफए नीति के अनुसार हवाईअड्डा स्थापित करने को इच्छुक राज्य सरकार तथा हवाईअड्डा विकासकर्ता द्वारा एक उपयुक्त स्थल की पहचान करने के बाद हवाईअड्डा के निर्माण के लिये पूर्व व्यवहार्यता अध्ययन कराना अपेक्षित है और उसके बाद निर्धारित प्रारूप में स्टेज टू अनुमोदन की प्रक्रिया यानी साईट क्लियरेंस तदनंतर सैद्धांतिक अनुमोदन के लिए मंत्रालय को प्रस्ताव भेजना होता है। इस संबंध में श्री विजय झा ने राज्य सरकार से अपनी मांग दोहराई है कि यदि सचमुच में सरकार धनबाद का विकास चाहती है तो हवाई अड्डा नीति 2008 के तहत धनबाद में हवाई अड्डे के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने का कष्ट करें। क्योंकि धनबाद में स्थल की कमी नहीं है जब मेघालय में देश का सबसे छोटा एयरपोर्ट बलजेक एयरपोर्ट बन सकता है तो धनबाद में क्यों नहीं है।

# गिरिडीह उपायुक्त ने बारी -बारी से की सभी कोषांगों की समीक्षा, दिये कई निर्देश

## चुनाव में प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षकों सहित सभी पदाधिकारियों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** लोकसभा आम चुनाव व गांडेय विधानसभा उप चुनाव में प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षकों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बैठक की। समाहरणालय सभागार कक्ष में नोडल पदाधिकारी, सीजीएसटी, एसजीएसटी, आयकर विभाग, पुलिस विभाग, अभ्यर्थी व्यय लेखा कोषांग के वरीय व नोडल पदाधिकारी, सभी लेखा दल व विडियो अवलोकन दल, सहायक व्यय प्रेक्षक, नोडल पदाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त सहयोगी तकनीकी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग के अलावा जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, निगरानी दल व उड़न दस्ता दल में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक में उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी कोषांग की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा जिला




निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी व प्रभारी पदाधिकारियों को निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में सतर्कता और पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने कोषांग के सभी नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि दैनिक नगदी, मदों संबंधित शिकायतो पर उड़न दस्तों द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। सभी मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापनों व पेड न्यूज का विवरण मीडिया से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन संबंधित निर्वाचन व्यय कोषांग को उपलब्ध करायेंगे।

## हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने नृत्य-संगीत से मोहा मन




### क्लास में टॉप रैंक लाने वाले बच्चों को मेडल और मोमेंटो देकर किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल शालीमार ग्राउंड में शनिवार को नए सत्र के उपलक्ष्य में एनुअल प्राइज नाइट वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने नृत्य कला और रंगारंग कार्यक्रम से सभी का मन मोह लिया। स्कूल के निदेशक मोहम्मद इरफान खान ने बताया कि परीक्षा खत्म होने के बाद नया सत्र शुरू होने के बीच जो समय मिलता है, उसमें बच्चों को पढ़ाई के साथ कला संस्कृति में उनकी प्रतिभा को निखरने का मौका दिया जाता है। अतिथि के रूप में मौजूद बीबीएम कॉलेज बलियापुर के फाउंडर प्रिंसिपल डॉक्टर सिद्धार्थ बंदोपाध्याय ने बताया कि शिक्षा अमूल धरोहर है और इसके बिना विकास की कल्पना भी अधूरी है। साथ में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आए जोड़ा पोखर थाना के ऑफिस इंचार्ज राजेश कुमार सिन्हा ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा। जो बच्चे वार्षिक परीक्षा में अपने क्लास में टॉप रैंक लाए थे, उन्हें मेडल ,मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के निर्मल शरण सेवा ट्रस्ट के सचिव सुधांशु शेखर ने कहा कि कम फीस में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ उनके अंदर छिपी प्रतिभा को भी निखरने का प्रयास कर रहे हैं। स्कूल के शिक्षक और शिक्षिका गोपाल राय, म्यूजिक टीचर विजय शंकर उपाध्याय, शफकत फिरदौश, ज्योति सिंह, विनीत्ता,,राशि, सिद्धि श्रीवास्तव, फरहत जहां, साबरा परवीन, शना जबी, अर्पिता, तारा, सीमा, जया कुमारी, नंदिनी दलजीत कौर,सुनीता सिंह,स्वीटी सिंह व अभिजीत ने बच्चों के परफॉर्मेंस में मुख्य भूमिका निभाई।

## निष्पक्ष चुनाव के लिए 63 एसएसटी का गठन : डीसी

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम ;एसएसटीद्ध का गठन किया है। इसमें धनबादए झरिया व बाघमारा में 12 . 12 तथा सिंदरीए निरसा एवं टुंडी विधानसभा क्षेत्र में 9 . 9 टीम तीन शिफ्ट में चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगी। एसएसटी टीम अपने क्षेत्र में अवैद्य शराबए रिश्वत की वस्तुए भारी मात्रा में नगदीए हथियार एवं गोला.बारूद को लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नजर रखेगी। वहीं जांच की सम्पूर्ण प्रक्रिया की विडियोग्राफी विडीयो सर्विलांस टीम ;वीएसटीद्ध करेगी। एसएसटी के वरीय प्रभार में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद व अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक नोडल पदाधिकारी रहेंगे। उपायुक्त सुश्री मिश्र ने कहा कि धनबाद में 29 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मईए 7 मई को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी तथा 9 मई को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। 25 मई 2024 को मतदानए 4 जून को मतगणना तथा 6 जून 2024 को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी

## भाजपा की बैठक में पीएन सिंह ने कहा नामांकन को ऐतिहासिक बनायें




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों तथा प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि 30 अप्रैल को धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो नामांकन करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे। उस दिन गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा भी होगी। नामांकन और जनसभा दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। दोनों कार्यक्रम ऐतिहासिक हो इसके लिए आप सभी संकल्पित होकर लग जाएं। धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो के नामांकन और जनसभा में प्रयास करें कि नामांकन और जनसभा में प्रत्येक बूथों से अधिक से अधिक उपस्थिति हो। धनबाद विधानसभा से ऐतिहासिक उपस्थित होगी। लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू ने कहा कि यह चुनाव देश के अर्थतंत्र को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में विकास की किरण जन-जन तक पहुंची है। निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर जनसभा की सफलता धनबाद लोकसभा से भाजपा के विजय की नींव रखेगी। इसलिए आप सभी 30 अप्रैल को होने वाले नामांकन और जनसभा की सफलता के लिए लग जाएं। लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को लेकर लग गए हैं। महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि 30 तारीख को ो नामांकन और जनसभा में भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के सभी 1159 बूथों का प्रतिनिधित्व होगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नितिन भट्ट तथा जिला उपाध्यक्ष संजय झा ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हरि प्रकाश लाटा, महावीर पासवान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल, भरत यादव, रमेश राही, राजकुमार अग्रवाल, ज्ञानरंजन सिंहा, जिला महामंत्री रवि सिंहा,जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, मानस प्रसून, वीरेंद्र हांसदा, उमेश यादव, जिला मंत्री सुरेश महतो, सुमन अग्रवाल, मिल्टन पार्थ सारथी, राजकिशोर जेना, रजनीश तिवारी, सुशील सिंह, योगेंद्र यादव, रामदेव महतो, प्रितपाल सिंह अजमानी, विकास मिश्रा, आनंद खंडेलवाल, मौसम सिंह, निर्मल प्रधान, राजकुमार मंडल, शिवांश श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।

# हर लोस सीट पर परिवारवाद बनाम राष्ट्रवाद की लड़ाई : विकास

## गिरिडीह पहुंचे कोडरमा लोकसभा प्रभारी प्रेस वार्ता में किया जीत का दावा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** कोडरमा लोस प्रभारी सह दिल्ली के भाजपा नेता विकास प्रीतम शनिवार को गिरिडीह पहुंचे और केन्द्रीय मंत्री सह कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के साथ कई इलाकों का भ्रमण किया। शाम को भाजपा के प्रधान चुनाव कार्यालय में प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि गांडेय उपचुनाव समेत हर लोस सीट परिवारवाद बनाम राष्ट्रवाद की लड़ाई है। सत्ता बचाने के जद्दोजहद में हेमंत सोरेन अब नई रणनीति बनाते हुए उपचुनाव में पत्नी को खड़ा कर उन्हें पहले विधायक फिर मुख्यमंत्री बनाने में लगे हैं। कहा कि हेमंत सोरेन को झारखंड की सत्ता बिना मेहनत के अपने पिता से विरासत में हासिल हुई। लेकिन जब सत्ता संभाली, तो जमीन घोटाले में जेल चले गए। दूसरी तरफ शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल जेल गए हैं, जिन्हें कोर्ट से जमानत तक नहीं मिल रही है, और वे अब भी मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं। कोडरमा प्रभारी कहा कि यही हाल बिहार में लालू परिवार का है। जो पिछले कई सालों से घोटाले के अलग-अलग मामलों में जेल की सजा काट कर जमानत पर बाहर निकले और अब रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में फंसे हुए हैं। कहा कि अशोक गहलौत की सरकार में राजस्थान में 16 बार पेपरलीक का मामला हुआ। जबकि हेमंत सरकार में ही पेपरलीक हो चुका है और यह सब सिर्फ परिवारवाद के कारण होता रहा है, लेकिन परिवारवाद में डूबे दल आंख मूंदकर सब देखते रहे। उन्होंने कहा कि हर हाल में कोडरमा और गांडेय उपचुनाव में कमल खिलने वाला है। क्योंकि कोडरमा और गांडेय दोनों ही स्थानों पर भाजपा प्रत्याशियों को जनसमर्थन मिल रहा है। चुनाव में राष्ट्रवाद बनाम परिवारवाद का मुद्दा जनता के बीच छाया हुआ है। दो चरण के मतदान के बाद इंडिया गठबंधन के दावे को नकारते हुए कोडरमा प्रभारी ने कहा कि कम मतदान होने के कई संकेत हैं और इस संकेत का जवाब चार जून को मिलेगा। प्रेसवार्ता में भाजपा अध्यक्ष महादेव दुबे, मुकेश जालान, प्रकाश सेठ और संजीव कुमार गुड्डु समेत कई नेता मौजूद थे।

## गिरिडीह व्यवहार न्यायलय में लगी विशेष लोक अदालत

**गिरिडीह।** व्यवहार न्यायलय में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में इस विशेष लोक अदालत में सात पीठों का गठन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार प्रसाद और सचिव सोनम बिश्नोई ने कहा कि इस बार विशेष लोक अदालत काफी बेहतर रहा।

# मतदाताओं को चुनाव बाद प्रतिनिधि के लापता हो जाने का अफसोस

## गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में पेयजल, स्वास्थ्य और बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या











प्रेम कुमार

**कतरास।** गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में 25 मई को चुनाव है। फलस्वरूप कई दलों के प्रतिनिधि, प्रत्याशी और उनके समर्थक रेस हो गए हैं। दूसरी ओर गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का कई इलाका आजादी के 76 साल बाद भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। क्षेत्र के लोगों (वोटरों) का कहना है कि चुनाव के समय नेता आते हैं, समस्याओं के निराकरण का आश्वासन देते हैं, मगर चुनाव होते ही लापता हो जाते हैं। ऐसे में उनकी (क्षेत्र) समस्या धरी की धरी रह जाती है।

गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में भीषण तापमान के साथ चुनाव की सरगर्मी भी बढ़ी है। गर्मी की परवाह न करते हुए विभिन्न दलों के नेता तेजी के साथ बूथ स्तर तक उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के सिनीडीह पंचायत के कोल बेयरिंग एरिया के मतदाताओं से इस संवाददाता ने बातचीत की। मतदाताओं ने बेबाकी के साथ अपनी समस्या बताई।

इंडियन ह्यूमन राइटस आर्गेनाइजेशन झारखंड के जेनरल सेक्रेटरी शंकर कुमार बाउरी कहते हैं कि सांसद कभी आते नहीं हैं और न ही उनके प्रतिनिधि ही आते हैं। सरकार में रहने के बावजूद कभी भी सांसद ने इस क्षेत्र की सुधि नहीं ली। कुछ दे नहीं, पर लोगों के सुख दुःख में तो शामिल होना चाहिए। क्षेत्र में पानी खरीदकर पीना पड़ता है। रोजगार नहीं है। लोग रोजगार को लेकर अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं। क्षेत्र का विकास अवरुद्ध पड़ा है। रामजनम चौहान कहते हैं कि सांसद ऐसा हो, जो लोगों की बात सुने।

क्षेत्र की समस्या को गंभीरता से ले। उन्होंने कहा कि जिस अधिकार के साथ हम चुनाव में भाग लेते हैं,उसी तरह सुविधाओं पर भी हमारा अधिकार रहे। मतदाता अजय चौहान ने कहा कि सिनीडीह में पानी की घोर समस्या है। यहाँ के लोगो को खरीदकर पानी पीना पड़ता है। क्षेत्र में जलापूर्ति का कोई उचित साधन नहीं है। बीसीसीएल से जितने पानी की आपूर्ति होती है, वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। नदी तालाब सूखे पड़े हैं। मदन जिंदल का कहना है कि जिस ईमानदारी से चुनाव में वोट देते हैं, उसी ईमानदारी के साथ जन प्रतिनिधि को लोगों के पास आना चाहिए।

तभी हमें क्षेत्र की समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। नरेश ब्राउरी को महंगाई सता रही ह। कहते हैं कि जीतने वाले नेताओं को महंगाई पर लगाम लगाने पर कार्य करना चाहिए। बाजार में आज हर चीज महंगी है।

आलू भी 30 रुपया किलो बिक रहा है। महंगाई पर लगाम के लिए क्षेत्र में रोजगार के साधन पैदा करना चाहिए। ओम प्रकाश चौहान ने कहा कि सिनीडीह क्षेत्र में रोजगार का घोर अभाव है।

लोग रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में जाने को मजबूर हैं। क्षेत्र में अगर रोजगार के साधन हो तो यहाँ के लोग भला बाहर क्यों जायेंगे। जनप्रतिनिधि को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए। मंटू राम भी सिनीडीह में पानी व प्रदूषण की समस्या से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यहाँ फोर लेन रोड बनने के बाद रोड किनारे लगे दर्जनों चापानल को उखाड़ कर फेंक दिया गया। रोड किनारे लगे सैकड़ों पेड़ काट डाले गए। गर्मी के दिनों में लोग उन पेड़ों के नीचे आराम करते थे। रोड किनारे लगे चापानल से हजारों लोगों की प्यास बुझती थी, पर अब सब कुछ गायब हो गया है।

## एक नजर में

### सविमं सिंदरी की लापता शिक्षिका और पुत्री का अब तक कोई सुराग नहीं

**सिंदरी।** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी की शिक्षिका मीनाक्षी कुमारी सिंह अपनी नाबालिग पुत्री के साथ विगत 7 दिनों से लापता हैं और उनके पति शंभू सिंह भी लगातार खोजबीन कर रहे हैं। उन्होंने सिंदरी थाना में शुक्रवार को इसकी लिखित शिकायत भी दी है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन पर पूरा भरोसा है कि वह पत्नी और पुत्री को खोज निकालेगी। उन्होंने बताया कि वह खुद खोजबीन में जुटे हुए हैं। परंतु कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। उन्होंने बताया कि उन्हें मीनाक्षी और पुत्री के गायब होने की खबर पत्नी की बहन सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल भूली की शिक्षिका जया सिंह ने दी थी। खोजबीन करने सिंदरी आए तो पड़ोसियों ने गुमशुदगी की बात उन्हें बताई थी। पड़ोसी विजय प्रसाद ने बताया कि मीनाक्षी और उनकी पुत्री सिंदरी के के3 45 में रह रही थी और रविवार से ही घर में ताला लगा हुआ है।

### लायंस सिंदरी अस्पताल से शिकायत पेटी चुराकर भाग रहा युवक पकड़ाया

**सिंदरी।** बंद पड़े 251 बेड के एफसीआईएल अस्पताल को शुरू करने की प्रक्रिया लायंस क्लब इंटरनेशनल ने शुरू कर दी है। इस अस्पताल से चोरी की गई शिकायत पेटी के साथ विपुल कुमार वाल्मीकि नामक स्थानीय युवक को शनिवार की शाम पकड़ लिया गया है। को-ऑर्डिनेटर प्रशांत पांडेय ने बताया कि अस्पताल में प्रतिनियुक्त गार्डों ने रोहड़ाबांध निवासी युवक विपुल कुमार वाल्मीकि को दोपहिया वाहन के साथ पकड़ा है। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन हीरो ग्लैमर संख्या जे एच 10 बी एस 6922 पर दो अन्य युवक भी सवार थे। वे अस्पताल की शिकायत पेटी लेकर भाग रहे थे। तभी गार्डों ने पकड़कर सिंदरी पुलिस और अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी। वहीं दो अन्य युवक फरार होने में कामयाब हुए। प्रबंधन ने युवक विपुल को सिंदरी पुलिस के हवाले कर दिया है। अस्पताल को-ऑर्डिनेटर ने बताया कि चोरी की शिकायत प्रतिदिन आ रही थी। प्रबंधन व गार्ड चोरों को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन की जांच इ परिवहन एप्लिकेशन पर देखा तो पता चला कि यह स्वीफ्ट डिजायर का नंबर है। समाचार लिखे जाने तक सिंदरी पुलिस लिखित शिकायत का इंतजार कर रही थी।

### मनुष्य को जीवन में अहंकार नहीं करना चाहिए : देवकीनंदन ठाकुर

**मैथन।** निरसा प्रखंड के तिलतोड़िया गांव में 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक पूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के पावन सान्निध्य में श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। इसके बाद पूज्य देवकीनन्दन ठाकुर जी महाराज ने भक्तों को ₹राधा नाम की लग गयी डोर ₹ भजन का श्रवण कराया। भजन श्रवण कराने के बाद कहा कि मनुष्य को शास्त्रों में बताई गई बातों का अपने जीवन में पालन करना चाहिए। अपने मन की मर्जी से पशु भी जीवनयापन करते हैं। जो शास्त्रों के बताये मार्ग पर चलता है, वही मानव कहलाने योग्य होता है। मनुष्य को हमेशा गाय की सेवा करनी चाहिए और कभी भी गोमांस का सेवन नहीं करना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण ने भी गोमाता की सेवा की थी। मनुष्य को जीवन में कभी भी अहंकार नहीं करना चाहिए, क्योंकि अहंकारी मनुष्य से भगवान कभी खुश नहीं होते हैं और उसका सब कुछ छीन लेते हैं। भगवान कभी भी बुरे कार्य करने वाले मनुष्य पर प्रसन्न नहीं होते। मनुष्य को अपना हर काम ईमानदारी से करना चाहिए। जीवन में संकट आने पर घबराना नहीं चाहिए और भगवान की शरण में चले जाना चाहिए। मनुष्य अपने जीवन में काफी गलती करता है, लेकिन गलती होने पर उससे सबक सीख कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

### ईश्वर से पार पाने का आसान तरीका है भक्ति: अखिलेश चंद्र

**जोड़ापोखर।** जेलगोड़ा मानस मंदिर के प्रांगण में 9 दिवसीय मानस महाधिवेशन के चौथे दिन गाजीपुर उत्तर प्रदेश के कथा वाचक अखिलेश चंद्र उपाध्याय ने कहा कि जिस परमात्मा को हजारों मुख वाले शेषनाग पार नहीं पा सके,देवी सरस्वती भी पार नहीं पा सकी, उस ईश्वर को हमारे जैसा तुच्छ प्राणी पार पाना चाहे तो अभागे की श्रेणी में आएंगे। ईश्वर से पार पाने का आसान तरीका है भक्ति। अयोध्या से पधारे बाल व्यास अशोकानंद तिवारी ने कहा कि भगवान की कथा स्वर्ग जाने के लिए नहीं, बल्कि परिवार को स्वर्ग बनाने के लिए सुननी चाहिए। भगवान कथा पूरे परिवार के साथ स्मरण करना चाहिए, क्योंकि अगर जीवन शीशे की तरह टूटने के कगार पर हो तो उसे रामचरितमानस की कथा ही बचा सकती है। 10 वर्षीय बालक आयुष पाठक ने शिव तांडव एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया जिसे भक्तों ने खूब सराहा। बच्चे के पिता अनिल पाठक मंच पर संगीतमय रामचरित मानस पाठ करते हैं, जबकि दादा रामबालक शरण पहले भी पाठ कर चुके है। इस अवसर पर सुबह परायणाचार्य पंडित अनिल पाठक की टीम द्वारा रामायण पाठ किया गया, जिसमें दर्जनों की संख्या में स्थानीय महिला भक्त शामिल हुई। पुजारी अशोक पाठक थे। सुबह मंदिर परिक्रमा में भारी संख्या में महिला भक्तों की भीड़ जुटी थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानस सत्संग समिति के धर्मेंद्र राय, पिंटू अग्रवाल,जोगेंद्र सिंह,सिधेश्वर भारती, अनुभवक पंडित,धर्मवीर राय, बृजेश राय, शिव कुमार दुबे, मोहन साव आदि ने भूमिका निभाई।

### छात्रों को भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि जागृत करना है उद्देश्य: प्राचार्य

**धनबाद।** डी ए वी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के सभागार कक्ष में शैक्षणिक संवर्धन हेतु अंतर्सदनीय संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता हुई। छात्राओं ने श्रीमद्भागवत, रामायण व वैदिक यज्ञ के मंत्रों का उच्चारण कर सभी को मुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य सह क्षेत्रीय सहायक पदाधिकारी झारखण्ड प्रक्षेत्र-सी के एन एन श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि जागृत करना व छात्राओं में वाचन कौशल, आध्यात्मिक विकास व आत्मिक विकास करना है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के छात्रों ने सोनीपत हरियाणा में रेसलिंग प्रतियोगिता में आकांक्षा कुमारी एवं पुष्पांजलि पांडेय, ताईक्वांडो प्रतियोगिता में रजत गुप्ता तथा स्विंग प्रतियोगिता में आयुष सिंह को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि नकद पुरस्कार के रूप में 5001 रुपये का चेक पाकर हम सभी को गौरवन्वित किया। दूसरी ओर संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में विभा कुमारी नालंदा सदन की प्रथम, हर्षिता और मानस वलवी सदन की द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार पांडेय ने किया। निर्णायक की भूमिका डॉ डी के सिन्हा एवं सुमोना ने किया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक विष्णु दत मिश्रा, आर के श्रीवास्तव, विश्वजीत मण्डल, सुधांशु कुमार दीनबंधु, रोजी रानी, आर आर दास, अभिलाषा कुमारी, सचिन कर्मकार आदि मौजूद थे।

### गिरिडीह के शिवम क्लिनिक में लगाया गया रक्तदान शिविर

**गिरिडीह।** ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए शनिवार को शहर के बरगंडा में शिवम नर्सिंग होम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में महिला चिकित्सक डॉ स्मिता सिंह समेत 60 लोगों ने रक्तदान किया, जिसमें कई महिलाएं व फर्स्ट रक्तदाता भी शामिल हुए। बाद में लक्की ड्रा के जरिये चयनित रक्तदाताओं को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए सिविल सर्जन डॉ एसपी मिश्रा भी पहुंचे। उन्होंने शिविर को सफल बनाने के लिए शिवम क्लीनिक के चिकित्सकों व कर्मियों को बधाई दी।

# चतरा लोकसभा सीट: क्या भाजपा हैट्रिक लगाएगी या कांग्रेस 40 साल पुराना इतिहास दोहराएगी?

पंकज सिंह

**चतरा।** चतरा लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला काफी रोचक है। भाजपा ने लगातार दो चुनाव 2014 और 2019 में 50 प्रतिशत से ऊपर वोट हासिल कर सांसद बने सुनील कुमार सिंह के बजाए इस बार स्थानीय उम्मीदवार कालीचरण सिंह को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने पूर्व राज्य मंत्री केएन त्रिपाठी पर दांव लगाया है। केएन त्रिपाठी के सामने उस सीट को जीतने की चुनौती है, जहां कांग्रेस ने आखिरी बार 40 साल पहले चुनावी जीत का




स्वाद चखा था। योगेंद्र प्रसाद योगेश 1984 के लोकसभा में सीट जीतने वाले आखिरी उम्मीदवार थे। चतरा लोकसभा सीट पर 1957 में पहला चुनाव हुआ था और विजया राजे छोटा नागपुर संथाल परगना जनता पार्टी के टिकट पर सांसद चुनी गईं। इसके बाद विजया राजे 1961 और 1967 में भी लगातार जीत दर्ज करती रहीं। 1971 में यहां से कांग्रेस के शंकर दयाल सिंह ने बाजी मारी और लोकसभा पहुंचे थे। फिर 1977 में जनता पार्टी के सुखदेव प्रसाद वर्मा, 1980 में कांग्रेस (आई) के रणजीत सिंह और 1984 में कांग्रेस के योगेश्वर ने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद 1989 और 1991 में जनता दल के उपेन्द्र नाथ वर्मा ने लगातार दो बार इस सीट पर जीत हासिल की। फिर बीजेपी के धीरेंद्र अग्रवाल 1996 और 1998 में लगातार दो बार सांसद चुने गए। हालांकि 1999 में यहां आरजेडी ने कब्जा जमा लिया। इस सीट से नागमणि सांसद चुने गए थे। वहीं 2004 में आरजेडी ने धीरेंद्र अग्रवाल को लड़ाया और उन्होंने जीत हासिल की।

वहीं 2009 में निर्दलीय प्रत्याशी इंदर सिंह नामधारी, जबकि 2014 और 2019 में बीजेपी के सुनील कुमार सिंह लगातार दो बार लोकसभा पहुंचे। चतरा लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला है, जिसमें चतरा जिले का चतरा व सिमरिया, लातेहार जिले का लातेहार व मनिका और पलामू जिले का पांकी विधानसभा क्षेत्र है।

## स्पीड न्यूज

### 9वीं सत्यआनंद राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के लिए जिले के 22 खिलाड़ी चयनित

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** 9वीं सत्यआनंद राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता रांची के बहुबाजार स्थित बिशॉप्स स्कूल के प्रांगण में 27 से 28 अप्रैल 2024 तक आयोजित की गई है। जिसमे कोडरमा जिले के 22 खिलाड़ी एवं 5 कोच मैनेजर हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में जिले से 5 वर्ष से लेकर 73 वर्ष आयु वर्ग के योगासन खिलाड़ी हिस्सा लेगें। जिसमें 8 वर्ष से कम आयु वर्ग में वेदांता वर्मा, सुनीता कुमारी, शिवम् कुमारी, ऋतिक यादव, 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग में पीहू कुमारी, कोमल कुमारी, स्पर्या गुप्ता, रितेश यादव, सत्यम कुमार,10 से 12 वर्ष आयु वर्ग में नमन जैन, आदित्य राज, 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग में अपराजिता, तनुश्री, अनुश्री, दीक्षित राज, प्रत्युश राज, 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग में लवली कुमारी, सलोनी कुमारी, रेशम वीरांगना, सौम्या भदानी, 35 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में अंजू कुमारी एवं सुरेश प्रसाद सेठ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं टीम कप्तान एवं कोच ईशा कुमारी, मैनेजर प्रतिमा कुमारी एवं लक्ष्मी देवी को नियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ के सचिव आकाश कुमार सेठ ने दी।

### अपने जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से समझें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण के चौथे दिन अभियंत्रण महाविद्यालय बागीटांड़ में पीठासीन पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज निरीक्षण करने पहुंचीं। वहीं उन्होंने चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अययन करने एवं उसका पालन करने का निर्देश दिया एवं कहा कि प्रशिक्षण जितना बेहतर होगा, मतदान प्रक्रिया का संचालन भी उसी अनुरूप और बेहतर तरीके से कर पायेंगे। जहां कोई शंका हो उसे बार-बार पूछें। मतदान दिवस को बूथ पर पीठासीन पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी व सेक्टर पदाधिकारी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है, ऐसे में अपने जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से समझें। मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को ईवीएम, वीवी पैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रियाओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन पदाधिकारियों के कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा व अन्य मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** लोकसभा का चुनाव 20 मई को होना है। वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर लोग अपने-अपने स्तर से लगे हुए हैं। इसी कड़ी में सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को इंटर हाउस मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में वर्ग नवम और दशम के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता शिक्षक शंकर कुमार की देखरेख में हुई। प्रतियोगिता में बबली कुमारी, राजवीर, अभिज्ञान कुमार, शैल्वी सिंह, दीपांकित राज, राजा बाबू गौतम, शिवम कुमार, पीयूष कुमार मोदी, स्वास्तिक कुमार, तन्मय सेठ, मोहित राज, सृष्टि मिश्रा, दिव्यंका बक्शी, शिवम कुमार, सचिन कुमार, शौर्य तिवारी, ऋषिका, निशा राज, शौर्य राज और निखिल राज ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रत्येक हाउस के लिए कुल 50 अंक निर्धारित थे। इसमें 40 अंक लाकर पवन हाउस प्रथम, 35 अंक लाकर पानी हाउस द्वितीय और 25 अंक लाकर रती हाउस तथा आकाश हाउस संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

### हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**चंदवारा (कोडरमा)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने चंदवारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। सर्व प्रथम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जामुखांडी गांव के समीप सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल एवं बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को गाजे बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। जनसंपर्क अभियान उरवां, पथलगड्डा, मदनगुंडी, आरागारो, जोंगी, भोंडो, चोराही, चंदवारा, बेंदी गांव में चलाया। मनीष जायसवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक मात्र पार्टी है जो देश में विकास की गंगा बहाई है।

## आठ किलो अफीम के साथ नाबालिग गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के दौरान नशे के अवैध साम्राज्य को चलाने के लिए माफिया बच्चों और महिलाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिद्धौर थाना पुलिस ने 40 लाख रुपये के अफीम के साथ एक नाबालिग को पकड़ा है। नाबालिग के माध्यम से अफीम की तस्करी कराने वाले माफिया की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि अफीम का एक बड़ा अवैध खेप तस्करी के लिए बलबल के रास्ते हजारीबाग की



भेजा जा रहा है। सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में गिद्धौर थाना प्रभारी और सशस्त्र बल की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया और चतरा-हजारीबाग मुख्यपथ पर स्थित बलबल मंदिर के समीप से बस का इंतजार कर रहे नाबालिग से पूछताछ की। तलाशी के दौरान उसके पास से तस्करी में प्रयुक्त मोबाइल और आठ किलो अफीम बरामद हुई। नाबालिग को गिरफ्तार कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि उसे गिद्धौर थाना क्षेत्र के पांडेय टोला निवासी राहुल पांडेय ने अफीम का खेप हजारीबाग पहुंचाने के लिए दी थी। राहुल पांडेय के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही राहुल को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अजय केसरी, थाना प्रभारी अमित गुप्ता और गिद्धौर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम व भंडारण पर विस्तृत चर्चा किया गया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को पत्थर व बालू खनन का अवैध रूप से खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों, साथ ही वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने ब्लू स्टोन का अवैध खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी सभी सीओ मौजूद थे।

## एक नजर में

### चतरा के संघरी घाटी में बस पलटी

## दो की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के संघरी घाटी में एक यात्रियों से भरी सिटी राइड बस पलट गई, जिससे एक युवती समेत दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और दो परीक्षार्थी समेत एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। कई घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में खलासी परशुराम सिंह और युवती रेखा कुमारी शामिल हैं। हादसा चतरा-डोभी मुख्य मार्ग एनएच 22 पर संघरी घाटी में हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना प्रभारी विपिन यादव और झामुमो जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को रेस्क्यू कर इलाज के लिए जेएमएम के जिला अध्यक्ष ने अपने निजी एम्बुलेंस और पुलिस की गाड़ी से सदर अस्पताल भेजा। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चतरा से यात्रियों को लेकर बस कुंदा जा रही थी।

**अस्पताल पहुंचे डीसी और बीजेपी प्रत्याशी :** डीसी रमेश घोलप और बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह घटना की सूचना मिलने के बाद अस्पताल पहुंचे, जहाँ सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद, उपाधीक्षक डॉ मनीष लाल, एसडीपीओ संदीप सुमन और थाना प्रभारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। डीसी ने घायलों का हाल जाना और डॉक्टरों को निर्देश दिया कि घायलों का समुचित इलाज सुनिश्चित करें। डीसी ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विशेष लोक अदालत का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के अलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को चेक बाउंस एवं विद्युत् विभाग के मामलों से सम्बंधित विशेष लोक अदालत सह मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुलाम हैदर ने कहा कि झालसा के निर्देश पर चेक बाउंस एवं विद्युत् विभाग के मामलों से सम्बंधित विशेष लोक अदालत मामलों के त्वरित निष्पादन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है। कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है। लोक अदालत में दिए गए निर्णय के विरुद्ध कहीं भी कोई अपील नहीं होती। लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है। उन्होने कहा कि लोक अदालत में बढ़ रही भीड़ इस बात का परिचायक है कि लोक अदालत आम लोगों के बीच कितना लोकप्रिय होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में जहां एक ओर लोगों के समय और पैसे की बचत होती है वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। इस लोक अदालत में कुल चार बेंचों का गठन किया गया।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डमी ईवीएम मशीन का प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** प्रखंड के पितीज बाजार में शनिवार को मतदाताओं को डमी ईवीएम के माध्यम से मतदान करने के तरीके के बारे में जागरूक किया गया। मतदाताओं को दिखाया गया कि मतदान करने के बाद वे वीवी पैट के माध्यम से अपने द्वारा किए गए मतदान को कैसे देख सकते हैं। इस कार्यक्रम में पंचायत सचिव अखिलेश सिंह, बीएलओ गणेश कुमार रजक, अनिता देवी, प्रमोद कुमार, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# नक्सल प्रभावित इलाके में पहुंचे डीसी और एसपी

### ग्रामीणों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक, सीआरपीएफ कमांडेंट और अनुमंडल पदाधिकारी के साथ अति नक्सल प्रभावित कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया और मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने मतदाताओं से 20 मई को मतदान करने और अपने परिजनों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कम प्रतिशत वोट किए थे, इस बार सभी मतदाताओं को अपना मत का प्रयोग शत प्रतिशत करना है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद पहली बार गड़िया, सिकिद और पथेल मतदान केंद्र पर



संबंधित गांव के मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मालूम हो कि तीनों गांवों के मतदाताओं को पहले मतदान के लिए 11 से 13 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय ने मतदाताओं से निर्भिक होकर मतदान करने का आग्रह किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कान्हाचट्टी प्रखण्ड सभागार में मतदाताओं के साथ बैठक कर मतदान के अधिकार के बारे में बताया और शपथ दिलाई। बैठक में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा संदीप सुमन, पंचायत सेवक, जनसेवक, ग्रामीण महिला/पुरूष समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## दहेज हत्या के आरोपी को 14 वर्ष सश्रम कारावास

# अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की आदालत ने सुनाई सजा

**30 हजार रूपये जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** दहेज के लिए हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को आरोपी मो. जावेद पिता निजामुद्दीन पिपराही चंदवारा निवासी को 304 (बी) आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 30 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी, मामला वर्ष 2020 का है। इसे लेकर चंदवारा थाना कांड संख्या 57/2020 एवं एसटी -42/2020 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला व अविक्ता अनवर हुसैन ने किया। इस दौरान सभी 11 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला



अविक्ता अनवर हुसैन ने कार्रवाई के दौरान अपराा की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अकि से अकि सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अविक्ता सुाीर कुमार ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

**थाना को दिये आवेदन में क्या कहा था :** इसे लेकर मृतक के पिता मो. शहजाद ने चंदवारा थाना में मामला दर्ज कराया था। थाना को दिये आवेदन में कहा था कि उसकी पुत्री अफसाना खातुन की शादी 27 जून 2019 को मो. जावेद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। 3 माह तक वह ससुराल में ठीक से रही, उसके बाद उसे एक मोटरसाइकिल और 50 रूपये नगद के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पंचायती भी हुई मगर कोई फायदा नहीं हुआ एवं 23 जून 2020 को सुबह 6 बजे फोन से सूचना मिली कि आपकी पुत्री की मौत हो गई है। जब वहां पहुंचा तो देखा कि उनकी पुत्री पलंग पर मृत अवस्था में पड़ी हुई है और घर के सारे लोग भाग गए हैं। उन्होंने मो. जावेद, मो. आबिद, सावेद, नजमुल खातून सहित अन्य लोगों पर उसकी पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई की गुजारिश की थी।

### स्वीफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलटी, तीन घायल

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास रोड स्थित साई फैक्ट्री के निकट एक डीजायर कार संख्या डीएल 1 डी/ 6864 असंतुलन होकर पलट गयी। मिली जानकारी के अनुसार कार पर सवार लोग चतरा से एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे, जिस पर सवार पांच लोगों में दो को हल्की चोटे आई है। कार पर सवार लोगों ने बताया कि कार अगर सड़क के किनारे खड़ी डिवाइडर से नहीं टकराती तो कार उपर से 10 फीट नीचे गिरने से एक बड़ी हादसा होने से टल गयी और हम सभी लोग बाल बाल बच गये। घटना शनिवार सुबह 7 बजे की है। कार पर सवार सूरज कुमार, संदीप कुमार जिसे हल्की छोटे आई है, उन्होंने बताया कि रात भर शादी समारोह में जगे रहने के कारण चालक लक्ष्मण यादव को झपकी लगने से कार डिवाइडर से टकराकर असंतुलन होकर पलट कर बीच सड़क पर आ गई। सड़क पर जाम लगता देख बाराती में शामिल लोगों ने कार को बीच सड़क से किसी तरह किनारे ले आये। वहीं बताया जाता है कि पांच लोग नवालशाही थाना क्षेत्र के खरखार गांव से तिलैया बस्ती निवासी प्रवीण रवानी पिता सुनील रवानी के शादी में शरीक होने के लिए चतरा गए थे। जहां से वे सभी घर लौट रहे थे।

### सुरक्षा के लिहाज से सभी मतदान केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे : एसपी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव को लेकर कोडरमा समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं एसपी अनुदीप सिंह ने शनिवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर चुनाव तैयारियों की जानकारी दी। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में पांचवे चरण में 20 मई को मतदान किया जाना है।

कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 3 मई 2024 है। 4 मई 2024 तक स्क्रूटनी और नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 6 मई 2024 तक है। उपायुक्त ने बताया कि शुक्रवार से नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है, नामांकन के लिए गिरिडीह डीसी निर्वाची पदाधिकारी बनाए गए हैं। उम्मीदवारों के पास नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 3 मई तक का समय होगा। उन्होंने बताया कि कोडरमा जिला अंतर्गत कुल मतदान केंद्रों की संख्या 628 है, जिनमें कोडरमा विधानसभा में 429, बरकट्ठा के 146 और बरही विधानसभा के 53 मतदान केंद्र आते हैं। कोडरमा जिले में 18-19 वर्ष के कुल 22488 मतदाता हैं, जो पहली बार वोट डालेंगे। जिले में 142 मतदाता 100 वर्ष से अधिक उम्र के हैं। वहीं प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन संपन्न कराना जिला प्रशासन की जिम्मेवारी है। चुनाव को लेकर सभी तरह की तैयारी कर ली गई है। भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ जुटी हुई है। एसपी ने बताया कि जिले में 5 अंतरराज्यीय और 7 अंतरजिला चेकपोस्ट बनाए गए हैं। वहीं मतदान को लेकर 15 कम्पनी सीएपीएफ की मांग की गयी है। इसके साथ ही सभी ब्लॉक मुख्यालय में हैलीपैड चिन्हित किए गए हैं।

